2023-24 रबी विपणन मौसम के लिए भारत में गेहूं की व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 1,575 रुपये प्रति क्विंटल

कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने 2023-24 रबी विपणन मौसम के लिए भारत की रबी फ़सलों की उत्पादन लागत का अनुमान लगाया है। इन लागतों के आधार पर, सी ए सी पी ने रबी फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) की सिफारिश की थी जिसे 18 अक्टूबर, 2022 को भारतीय मंत्रिमंडल ने मंज़ूरी दी थी।

सी ए सी पी गणना के अनुसार, फ़सलों के उत्पादन की लागत में ए2 (वास्तविक भुगतान की गई लागत), ए2+एफ एल (वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य) और सी2 [स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत {भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)}] शामिल हैं। आयोग प्रत्येक फ़सल के लिए उत्पादन लागत का अनुमान लगाने के लिए राज्यवार वास्तविक लागत अनुमान लेता है।

आयोग ने 2023-24 रबी विपणन मौसम के लिए अनुमानित उत्पादन लागत की गणना के लिए 2022-23 रबी विपणन मौसम में उत्पादन लागत को ध्यान में रखा है। उत्तराखंड में गेहूं और मध्य प्रदेश में जौ के लिए 2018-19 और 2019-20 के दौरान और झारखंड में चना और कर्नाटक में कुसुम के लिए 2018-19 और 2020-21 के वास्तविक लागत अनुमानों का उपयोग इन राज्यों और फ़सलों की अनुमानित उत्पादन लागत के लिए किया गया है।

आगामी रबी मौसम के लिए सबसे कम व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना जौ के लिए की गई है जो कि 1,487 रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन 1,575 रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं और जौ का समर्थन मूल्य क्रमश: 2,125 रुपये प्रति क्विंटल और 1,735 रुपये प्रति क्विंटल है।

दालों में, मसूर के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत 4,608 रुपये प्रति क्विंटल और चना के लिए 4,341 रुपये प्रति क्विंटल है। मसूर और चना का एम एस पी क्रमश: 6,000 रुपये प्रति क्विंटल और 5,335 रुपये प्रति क्विंटल है।

तिलहनों में, सी ए सी पी ने तोरिया-सरसों के लिए व्यापक अनुमानित उत्पादन लागत की गणना 3,740 रुपये प्रति क्विंटल और कुसुम के लिए 5,135 रुपये प्रति क्विंटल की है। तोरिया-सरसों का एम एस पी 5,450 रुपये प्रति क्विंटल और कुसुम के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल है।

रबी फसलों की अखिल भारतीय अनुमानित उत्पादन लागत और 2023-24 रबी विपणन मौसम के लिए एम एस पी

फ़सल	2022-23 रबी विपणन मौसम की उत्पादन लागत (रुपये प्रति क्विंटल)			2023-24 का एम एस पी (रुपए/ क्विंटल)
	*ए2	**ए2+एफएल	#सी2	
गेहूं	851	1,065	1,575	2,125
जौ	704	1,082	1,487	1,735
चना	2,476	3,206	4,341	5,335
मसूर	2,399	3,239	4,608	6,000

तोरिया-सरसों	1,831	2,670	3,740	5,450
कुसुम	2,954	3,765	5,135	5,650

स्रोत: सी ए सी पी गणना

*ए2: वास्तविक भुगतान की गई लागत

**ए2+एफएल: वास्तविक भुगतान की गई लागत और पारिवारिक श्रम का संकेतक मूल्य

#सी2: स्वयं की भूमि की पट्टा राशि के मूल्य सहित व्यापक लागत [भू-राजस्व का शुद्ध और स्वयं की अचल पूंजी परिसंपत्तियों के मूल्य पर ब्याज (भूमि को छोड़कर)]